# पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

## सराहनीय कार्य

दिनांक 17.10.2020

**1-थाना फेस-3 पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से दो मोबाइल फोन डमी व 01 मोटर साइकिल बरामद।**

दिनांक 17.10.2020 को थाना फेस-3 पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 763/20 धारा 420 भादवि के वांछित 02 अभियुक्त 1.खालिद पुत्र नफीस निवासी बड़ी मस्जिद के पास पसोड़ा थाना टीलामोड़ जनपद गाजियाबाद 2. कामिल पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी म0नं0 366 मोहल्ला अलीनगर पसोड़ा थाना टीलामोड़ जिला गाजियाबाद को थाना क्षेत्र के पर्थला कट से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तो के कब्जे से दो कांच के मोबाइलनुमा डमी व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 14 ईसी 2509(सीजशुदा) बरामद की गयी है ।

<u>अपराध करने का तरीका-</u>

अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जो आये दिन मो0सा0 पर सवार होकर आते है और भोली भाली जनता से धोखा देकर अपनी बातो में फसाकर कांच की मोबाइलनुमा डमी देकर उनको मंहगा फोन बताकर सस्ते दामों में देने की बात बोलकर जनता से रूपये ले लेते है और काले कवर में कांच की मोबाईलनुमा डमी रखकर दे देते है और विश्वास प्राप्त कर धोखाधड़ी करके उनसे धन वसूलते है ।

**अभियुक्तो का विवरणः**

1.खालिद पुत्र नफीस निवासी बड़ी मस्जिद के पास पसोड़ा थाना टीलामोड़ जनपद गाजियाबाद।

2. कामिल पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी म0नं0 366 मोहल्ला अलीनगर पसोड़ा थाना टीलामोड़ जिला गाजियाबाद।

**अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0 763/20 धारा 420 भादवि थाना फेस-3 गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

1. दो कांच के मोबाइलनुमा डमी

2. एक मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 14 ईसी 2509(सीजशुदा)

**2- थाना सेक्टर 20 पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट मे 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 14.10.2020 को वादिया की तहरीर पर थाना सेक्टर 20 पर मु0अ0सं0 955/2020 धारा 452/342/354ए/506 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था जिस पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 16.10.2020 को थाना सेक्टर 20 पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त सफदानंद उर्फ पुजारी पुत्र सन्यासी उर्फ रामदास निवासी ग्राम चिल्ला थाना जमालपुर जिला बांदा वर्तमान पता जे0जे0 कालोनी सेक्टर 16 नोएडा को सेक्टर 16 मैट्रो स्टेशन नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया है।

**अभियुक्त का विवरणः**

सफदानंद उर्फ पुजारी पुत्र सन्यासी उर्फ रामदास निवासी ग्राम चिल्ला थाना जमालपुर जिला बांदा वर्तमान पता जे0जे0 कालोनी सेक्टर 16 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण**

मु0अ0सं0 955/2020 धारा 452/342/354ए/506 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट थाना सेक्टर 20 गौतबुद्धनगर।



**3- थाना फेस 2 पुलिस व साइबर सेल टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक डेबिट कार्ड तथा 10,000 रूपये नगद बरामद।**

दिनाँक 17.10.2020 को थाना फेस 2 पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0 565/2020 धारा 66 आईटी एक्ट का वांछित अभियुक्त बालकृष्ण पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम जटोलिया थाना परसुरामपुर जिला बस्ती वर्तमान निवासी मकनपुर थाना इन्दिरापुरम गाजियाबाद को थाना फेस 2 क्षेत्र के सेक्टर 82 की रेड लाईट से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमे से सम्बन्धित दो मोबाइल फोन , एक डेबिट कार्ड तथा 10,000 रूपये नगद बरामद किये गये है।

**अभियुक्त का विवरणः**

बालकृष्ण पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम जटोलिया थाना परसुरामपुर जिला बस्ती वर्तमान पता निवासी मकनपुर थाना इन्दिरापुरम गाजियाबाद ।

**अभियोग का विवरणः**

1.मु0अ0सं0 565/2020 धारा 66 आईटी एक्ट थाना फेस 2 नोएडा गौतमबुद्धनगर ।

**बरामदगी का विवरणः**

1.एक मोबाइल फोन नोकिया स्काई ब्लू

2.एक मोबाइल फोन वीवो कम्पनी

3.एक डेबिट कार्ड RBL बैंक

4.10,000 रूपये नगद



**4-थाना सेक्टर 39 पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनाँक 17-10-2020 को थाना सेक्टर 39 पुलिस द्वारा मु0अ0स0 540/20 धारा 307/506 भादवि0 में वाछित एक अभियुक्त दिलीप पुत्र स्व0 नत्थू सिंह निवासी ग्राम भिवोतपुर थाना भरतपुर जिला चित्रकूट वर्तमान पता टोनी भाटी का मकान बीज गोदाम के पास ग्राम सलारपुर थाना सेक्टर 39 गौतमबुद्धनगर को थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सलारपुर यूटर्न के पास से गिरफ्तार किया गया।

**अभियुक्त का विवरणः**

दिलीप पुत्र स्व0 नत्थू सिंह निवासी ग्राम भिवोतपुर थाना भरतपुर जिला चित्रकूट वर्तमान पता टोनी भाटी का मकान बीज गोदाम के पास ग्राम सलारपुर थाना सेक्टर 39 गौतमबुद्धनगर।

**अभियोग का विवरणः**

मु0अ0स0 611/20 धारा 307/506 भादवि थाना सैक्टर 39 नोएडा



**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**मिशन शक्ति पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर**

मा0 मुख्यमन्त्री श्री योगी आदित्यनाथ एवं उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार दिनांक 17.10.2020 से दिनांक 25.10.2020 तक मिशन शक्ति का आयोजन समस्त उत्तर प्रदेश में किया जाना है। इस मिशन में पुलिस विभाग को एक मुख्य भूमिका सौंपी गयी है, जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गौतमबुद्धनगर पुलिस महिलाओं और बच्चियों को उनके विरूद्ध घटने वाले अपराधों के प्रति सचेत करेगी एवं उनके सशक्तिकरण में प्रभावी योगदान देने का प्रयास करेगी। इस दौरान गौतमबुद्धनगर पुलिस की महिला सुरक्षा ईकाई द्वारा निम्नवत् कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें-

1.जागरूकता वाहन को रवाना किया जाना तथा उसका सात दिनों तक भ्रमणशील रहना-

पुलिस के एक व्रज वाहन को जागरूकता वाहन के रूप में परिवर्तित किया गया है, जिसे दिनांक 18.10.2020 को समय 11ः00 बजे रवाना किया जायेगा, जो अगले 07 दिनों तक समस्त जनपद में भ्रमणशील रहेगा। इस वाहन पर एक बडी टी0वी स्क्रीन के माध्यम से एक विडियो प्रसारित किया जायेगा, जिसमें महिला सुरक्षा सम्बन्धी अहम सूचनाऐं पुलिस द्वारा जनपद वासियों तक अधिक से अधिक संख्या में पहुंचाने का प्रसास रहेगा। यह वाहन 15 से 20 मिनट की अवधि के लिये विभिन्न स्थानों पर रूककर वहां पर उपस्थित लोगों को आकर्षित कर इस विडियों का प्रसारण करेगा। ग्रामों, मलिन बस्तीयों, कालौनियों, बाजारों, माल्स, पार्कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों के आसपास इस वाहन को अगले सात दिनों तक पाया जायेगा।

2.-वर्चुअल महिला चैापाल-

कुछ प्रमुख ग्रामों एवं शहरी सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा एवं सहायक पुलिस आयुक्त महिला सुरक्षा, प्रथम/द्वितीय द्वारा वहां उपस्थित लोगों के साथ वर्चुअल महिला चैापाल के माध्यम से संवाद किया जाएगा। जहां महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किये जाने का प्रयास किया जाएगा। यह वर्चुअल महिला चैपाल जागरूकता वाहन के माध्यम से की जायेगी। यदि कोई जनप्रतिनिधि/संगठन अपनी लोकेशन/ग्राम में वर्चुअल महिला चैापाल कराने के इच्छुक हैं, वे अपना पंजीकरण दूरभाष नं0 **9870395200** पर करा सकते है।

3-स्कूल के विद्यार्थियों के लिये साईबर सुरक्षा पर वेबिनार-

दिनांक 21.10.2020 को समय 1200 बजे पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा द्वारा साईबर एक्सपर्टस के साथ एक वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने के लिये 74 सरकारी एवं प्राईवेट स्कूलों को आमंत्रित किया गया है। तेजी से बढते साईबर अपराधों के प्रति युवकों/युवतियों को सचेत एवं जागरूक करने की दृष्टि से यह वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। इसको यू-ट्यूब लाईव एवं फेसबुक लाईव के माध्यम से प्रसारित किया जायेगा। इस सेशन के दौरान अध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के भी उत्तर दिये जायेंगे।

4.-जुडिये अपनी स्वयं सिद्धा से-

कम्यूनिटी पुलिसिंग के मॉडल को प्रोत्साहित करने हेतु गौतमबुद्धनगर की महिला निवासियों के साथ पुलिस का सम्पर्क एवं समन्वय सुदृढ करने हेतु इस सप्ताह महिलाओं को गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा आमंत्रित किया जाता है कि वे हमारी स्वयं सिद्धा महिला पुलिस टीम के साथ संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण करें। इससे महिलाओं को अवसर मिलेगा कि वे पुलिस को उन स्थानों से परिचित करा सकें, जहां पर वे असुरक्षित महसूस करती हैं एवं पुलिस के साथ वहां पर भ्रमण करने से उनके हौंसलें बुलन्द होगें।

इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिये पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा द्वारा एक गूगल स्प्रेड शीट तैयार की जा रही है, जिसका लिंक निम्नवत् हैः-

https://forms.gle/nXjVZe7gpuEjfKVk6

इस लिंक के माध्यम से महिलाऐं इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कर सकती हैं।

<u>5.-महिला डेस्क-</u>

सभी पुलिस थानों की सेवाओं को महिलाओं के प्रति और अधिक संवेदनशील एवं जनोपयोगी बनाये जाने की दृष्टि से उच्च गुणवत्ता की महिला डेस्कों की स्थापना की जायेगी। जिन पुलिस थानों पर महिला डेस्क पूर्व से स्थापित हैं, वहां पर उनका नवीनीकरण कराया जायेगा। यह सभी कार्य दिनांक 25.10.2020 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

<u>6.-नवरात्रि के पर्व में महिला सुरक्षा-</u>

आगामी त्योहारों एवं नवरात्रि के दृष्टिगत महिलाओं की सुरक्षा के लिये रामलीला मैदानों, पूजास्थलों, मन्दिरों एवं बाजारों आदि में गौतमबुद्धनगर पुलिस की महिला पेट्रोलिंग टीम "स्वयंसिद्धा" द्वारा समय 1700 बजे से 2100 बजे तक प्रभावी गश्त सुनिश्चित की जायेगी। इन सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली किसी भी घटना पर इन टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

